द्विवर्षीय पशुपालन डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव का अनुमोदन

वेटरनरी विश्वविद्यालय की 27 वीं अकादमिक परिषद् की बैठक को कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने सम्बोधित किया।

- वेटरनरी विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद् की 27 वीं बैठक में इस प्रस्ताव पर की चर्चा
- पी.एच.डी. पाठ्यक्रमों में प्रत्येक सेमेस्टर में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों के रजिस्ट्रेशन कार्ड ऑनलाइन से भरने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया

ीकानेर, (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय की 27वीं अकादमिक परिषद् की बैठक कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक के प्रारम्भ में कुलपति प्रो. गर्ग ने अकादमिक परिषद् के सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं गत बैठक के सभी बिन्दुओं पर विचार विमर्श करते हुए कार्य अनुपालना को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

बैठक में वेटरनरी विश्वविद्यालय के संघटक वेटरनरी महाविद्यालय, जोधपुर में सत्र 2024-25 से द्विवर्षीय पशुपालन डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन किया गया। परिषद् ने विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में 30 जून तक बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच., पी.जी. एवं पी.एच.डी. के जारी परिणामों के विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में शामिल कर डिग्री देने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक में शैक्षणोत्तर एवं पी.एच.डी. पाठ्यक्रमों में प्रत्येक सेमेस्टर में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों के रजिस्ट्रेशन कार्ड ऑनलाइन माडूल्स से भरने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। अकादमिक परिषद् ने विद्यार्थियों के स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. पाठ्यक्रमों के आई.सी.ए.आर. द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के स्कोर के आधार पर यू.जी.सी. के नियमानुसार वर्ष में दो बार प्रवेश अनुमति के प्रस्ताव पर चर्चा एवं अनुमोदन किया गया ताकि वंचित सीटों का पुनः भरण किया जा सके। इसके अलावा बैठक में विद्यार्थियों के परीक्षा में बैठने हेतु 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता, डेयरी महाविद्यालयों, में लेट रजिस्ट्रेशन हेतु निश्चित समय एवं शुल्क निर्धारित करने के प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में कुलसचिव बिन्दु खत्री द्वारा बैठक में एजेण्डे प्रस्तुत किये गये तथा अकादमिक परिषद् के सदस्यों द्वारा विभिन्न एजेन्डों का अनुमोदन किया गया। बैठक में वित्त नियन्त्रक बी.एल. सर्वा, प्रो. ए.पी. सिंह, प्रो. हेमन्त दाधीच, प्रो. आर.के. धूड़िया, प्रो. एस.के. शर्मा, डॉ. एस.पी. जोशी, डॉ. सुचिस्मिता चटर्जी, प्रो. उर्मिला पानू, प्रो. बसन्त बैस, प्रो. बी.एन. श्रृंगी एवं डॉ. बाबूलाल (एम.डी. उरमूल) एवं अकादमिक परिषद् के अन्य मनोनीत सदस्य उपस्थित थे। बैठक में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रवीण बिश्नोई, अकादमिक परिषद् के सदस्य डॉ. संजय शर्मा (पंतनगर), डॉ. उदयवीर चहल (लुधियाना), प्रो. शीला चौधरी (जयपुर), प्रो. धर्म सिंह मीना (जयपुर) व प्रो. रोहिताश दाधीच ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

फोटो कैप्शन तीन एफ- वेटरनरी विश्वविद्यालय की 27वीं अकादमिक परिषद् की बैठक को सम्बोधित करते कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग।

36-वेटरनरी विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह की तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक

बीकानेर, 28 जून। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के आगामी सातवें दीक्षांत समारोह के आयोजन हेतु विभिन्न तैयारियों एवं सुझावों हेतु कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने बताया कि वेटरनरी विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह आगामी 29 जुलाई को आयोजन किया जायेगा। कुलपति प्रो. गर्ग ने दीक्षांत समारोह के गरिमामय आयोजन हेतु स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्या वाचस्पति हेतु कुल डिग्रियों की संख्या, स्वर्ण एवं रजत पदक, समारोह आयोजन का स्थान, विशिष्ट अतिथियों हेतु प्रस्तावित नाम आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कुलपति प्रो. गर्ग ने बताया कि दीक्षांत समारोह में गरिमामय आयोजन हेतु गठित विभिन्न कमेटियों का समयानुसार आवश्यक तैयारियों हेतु पुनः निर्देशित किया गया है। बैठक में विश्वविद्यालय के डीन डायरेक्टर एवं अधिकारी मौजूद थे।

डी.एल.सी. की प्रस्तावित दरों पर चर्चा

श्रीगंगानगर, (कासं)। डीएलसी की प्रस्तावित दरों पर विचार-विमर्श के लिये शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में बैठक हुई।

इस दौरान गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी और सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ भी मौजूद थे। बैठक में राज्य सरकार के निर्देशानुसार और बाजार दर के अनुसार प्रस्तावित डीएलसी दरों पर चर्चा हुई। बैठक में राज्य सरकार के निर्देशानुसार समस्त एसआर द्वारा पूर्व में अपने-अपने क्षेत्र की डीएलसी के संबंध में तैयार किये गये प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप बाजार दर के अनुसार डीएलसी हो, इसके लिये प्रस्तावित डीएलसी पर पुनर्विचार किया गया। एसआर द्वारा तैयार किये गये प्रस्तावों में कलस्टर भी कम किये गये हैं। विधायक जयदीप बिहाणी ने व्यवसायिक क्षेत्र के अनुसार डीएलसी दर में वृद्धि का सुझाव दिया। इसी तरह विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने भी नये क्षेत्रों में डीएलसी दर बढ़ाने की बात कही।

डीआईजी स्टाम्प हनुमानगढ़ श्रीमती संजू पारीक ने डीएलसी दरों के निर्धारण को लेकर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों और प्रस्तावित डीएलसी के संबंध में अवगत करवाया। बैठक में एडीएम प्रशासन वीरेन्द्र सिंह चौधरी, नगर विकास न्याय सचिव कैलाशचंद्र शर्मा, नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा, गंगानगर एसआर कृष्ण यादव, एसआर, नायब तहसीलदार सहित अन्य मौजूद थे।

सार-समाचार

कक्षा कक्ष विद्यालय को सौंपा

रा. उ. मा. वि. सुजानदेसर में एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने एक कक्षा कक्ष का निर्माण कर विद्यालय को भेंट किया।

बीकानेर, (कासं)। एनएलसी इंडिया लिमिटेड, बरसिंहसर परियोजना की सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की अनुशंसा से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानदेसर बीकानेर में एक कक्षा कक्ष का निर्माण कर विद्यालय को भेंट दी गई। इसी क्रम में सीएसआर योजना के तहत बीठनोक बीकानेर में भी एक लाइब्रेरी का निर्माण कर गांव को समर्पित किया गया। इस अवसर पर एनएलसी इंडिया लिमिटेड, बरसिंहसर परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक टी. वंचीनाथन एवं उप मुख्य अभियंता अभिषेक शर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानदेसर, बीकानेर की संस्था प्रधान अर्चना गुप्ता, व्याख्याता पप्पूराम पंवार, प्रकाशचंद, महिराम डेलू आदि उपस्थित थे। उपरोक्त दोनों कार्यों पर कुल 30 लाख रूपये की राशि व्यय की गई।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मानित

खुशियों का बैंक की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। आर. एल. जी. संस्थान द्वारा खुशियों का बैंक योजना के अंतर्गत आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को प्रोत्साहन देने के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विभा गुप्ता व ज्योत्सना रावत ने दीप प्रज्वलन के साथ की। संस्थान अध्यक्ष डॉ. अर्पिता गुप्ता ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के द्वारा अपने घर परिवार के साथ-साथ अन्य दायित्वों का भी निष्ठापूर्वक निर्वहन करने को प्रशंसनीय बताया। विभा गुप्ता व ज्योत्सना रावत ने कहा चाहे मां और बच्चे की दवाईयां हो, पोषक आहार या टीकाकरण हो आशा वर्कर्स द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है। संस्थान द्वारा प्रशस्ति पत्र व साडियां देकर आशा बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वंदना भारद्वाज, प्रवीणा कौशिक, कृष्णा गहलोत, सरोज शर्मा, फूल कुमारी तंवर, बुला खत्री, शीतल बिनावरा, ज्योति मारू, मंजू कंवर, सुनीता स्वामी, परमजीत, पवन भाटी, नीरू कंवर, सीता तंवर, सरिता गौरी, सुमन गहलोत, भावना रावत, इंद्रा परिहार आदि 21 महिलाओं को सम्मानित किया।

मोटरसाइकिल मिस्त्री ने नहर में छलांग लगाकर दी जान

- गोताखोरों ने बचाने की मशक्कत की लेकिन तब तक वह मर चुका था

श्रीगंगानगर, (कासं)। सूरतगढ़ क्षेत्र गांव ढाबां झल्लार के एक युवक ने साधुवाली के पास बारहमासी नहर में कूदकर अपनी जान दे दी। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकालकर परिजनों को सुपुर्द किया। गांव में गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

जवाहर नगर थाने के एएसआई राजकुमार ने बताया कि गांव ढाबां झल्लार निवासी 25 वर्षीय श्रवण पुत्र नंदराम कुहार ने बुधवार को साधुवाली गांव में बारह मासी नहर में छलांग लगा दी। नहर के पास युवक श्रवण ने अपना मोबाइल और पर्स बाहर रख दिया था। उसको नहर में छलांग लगाते को वहां होटल पर बैठे दुकानदार ने देख लिया और उसके आवाज लगाने के बाद साधुवाली के गोताखोरों ने इसे बचाने के लिए काफी मशक्कत की लेकिन तब तक डेढ़ घंटे का समय बीत चुका था। जब तक उसे नहर से बाहर निकाला तो उसकी मौत हो गई।

जांच अधिकारी ने बताया कि युवक की शादी करीब ढाई महीने पहले हुई थी। वह अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। यह युवक पहले अपने गांव में मोटरसाइकिल मिस्त्री के रूप में दुकान चलाता था। लेकिन शादी के बाद वह यहां श्रीगंगानगर में मोटरसाइकिल मिस्त्री की दुकान पर काम करने लगा। श्रवण के चाचा गांव ढाबां झल्लार निवासी इन्द्रपाल पुत्र भागीरथ की सूचना पर जवाहरनगर पुलिस ने मर्ग दर्ज की है।

मिस्त्री के परिजनों ने उससे संपर्क करने के लिए कॉल की तो उसने कॉल रिसीव नहीं की। जब परिजनों ने मिस्त्री की दुकान पर कॉल किया तो बताया गया कि वह तो दुकान पर काम करने के लिए आया नहीं है। ऐसे में परिजनों में चिंता बढ़ गई। इसके मोबाइल पर फिर कॉल की तो नहर के किनारे पड़े फोन को साधुवाली के गोताखोरों ने रिसीव कर पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया।

कॉल तब आई जब गोताखोर उसके शव को बाहर निकालने की तैयारी कर रहे थे। मृतक के परिचित ने बताया कि जब पर्स की जांच की तो उसमें ढाबां झल्लार से श्रीगंगानगर की बस टिकट मिली। वह बस से श्रीगंगानगर आया और फिर मरने के इरादे को लेकर साधुवाली नहर के पास पहुंचा।

कांग्रेस की समीक्षा बैठक 30 को

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में समीक्षा बैठक आयोजित कर रही है।

जिला संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बीकानेर लोकसभा क्षेत्र के आम चुनाव 2024 चुनाव समीक्षा बैठक 30 जून 2024 को दोपहर 1 बजे विश्नोई धर्मशाला में आहूत की गई है। जिला संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल ने बताया की बीकानेर शहर और देहात कांग्रेस की संयुक्त बैठक में जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण, जिला कांग्रेस के पदाधिकारी गण, पीसीसी सदस्य, प्रदेष पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष गण, पार्षद पार्षद प्रत्याशी, सरपंच, सरपंच प्रत्याशी, जिला परिषद सदस्य, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, सभी विभागों प्रकोष्ठों से जुड़े पदाधिकारी आमंत्रित है।

पत्नी ने पति को कमरे में बंधक बनाया

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पति को मुक्त करवाया
- पत्नी ने दहेज का मुकदमा भी दर्ज करा रखा है

हनुमानगढ़, (कासं)। पति को पत्नी की ओर से दो घंटे तक कमरे में बंधक बनाने का अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। कैशियर ने किसी तरह पुलिस से संपर्क किया तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसको मुक्त करवाया।

जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ बडौदा में कैशियर के पद पर कार्यरत उत्तम बुट्टर इंदिरा हॉस्पिटल के पीछे एक बिल्डिंग में किराये पर रहता है। शाम को उसकी पत्नी ने आपसी विवाद के चलते उसे अपने ही घर मे बंधक बना लिया। कैशियर ने आरोप लगाया कि पत्नी ने उस पर दहेज का मुकदमा भी दर्ज करवा रखा हैं। गुरूवार शाम को करीब 8:30 बजे किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया था। उसके बाद पत्नी ने उसे कमरे में बंद कर दिया।

सूचना मिलने पर सहायक उपनिरीक्षक बलवंत सिंह मौके पर पहुंचे और महिला को समझा बुझाकर उसके पति को बाहर निकाला और पुलिस थाने ले गई। उधर कैशियर की पत्नी ने आरोप लगाया कि उसका पति कई-कई दिन तक घर से बाहर रहता है। जब भी वह घर आता है तो उसके साथ मारपीट करता है तथा घर में खर्चा पानी भी नहीं देता है। इससे उसके बच्चों का पालन पोषण भी मुश्किल से हो रहा है। महिला ने बताया कि इस संबंध में उससे बात की तो वह उसके साथ मारपीट करने लगा जिससे उसके हाथ पर चोट भी लगी है। वह जाने लगा तो कमरे का गेट बंद किया था।

आज जलापूर्ति आंशिक बाधित रहेगी

बीकानेर, (कासं)। ग्रीष्मऋतु में सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए शोभासर फिल्टर प्लांट स्थित रॉ वाटर पंपिंग स्टेशन व स्वच्छ जल पंपिंग स्टेशन पर स्थापित मोटर पंप की सामयिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य शनिवार को किया जायेगा।

जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता विनय कुमार जैन ने बताया कि इसके मद्देनजर दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक बीकानेर शहर के शोभासर जलाशय से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

नया शहर जोन : लोडा मोडा बगीची, हरिजन बस्ती, नत्थूसर बास, चौखूंटी-प्रथम/द्वितीय, पूगल रोड जवाहर नगर, बंगला नगर। लक्ष्मीनाथ जोन : लुहारों को मोहल्ला, गोपेश्वर बस्ती, खेतेश्वर बस्ती, चौधरी कॉलोनी, हंसा गेस्ट हाउस, नोखा रोड नं.5, सिंघिया चौक।

नत्थूसर जोन : धर्म नगर द्वार, स्वामी मोहल्ला, बी.के स्कूल, पारीक चौक, सोनगिरी कुआं, दाउजी मन्दिर, पाबू बारी, भाटोलाई, बिश्नोई मोहल्ला, रामदेव पार्क, ब्रह्म बगीची, जनता प्याऊ, श्रीरामसर, धरणीधर क्षेत्र।

गंगाशहर जोन : अंत्योदय नगर, मुरलीधर व्यास नगर, श्रीरामसर, बंगलानगर, सालमनाथ धोरा टंकी क्षेत्र, किसमीदेसर, भीनासर, सुजानदेसर, खारिया कुआं, चौधरी कॉलोनी। सर्वोदय बस्ती सभी सैक्टर रामपुरा जोन सम्पूर्ण क्षेत्र में जलापूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

एयर शो और विमानन प्रदर्शनी आज

बीकानेर, (कासं)। डॉ. व्यास मेमोरियल फाउंडेशन, एरो मॉडलिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से बीकानेर में एयर शो और विमानन प्रदर्शनी का कार्यक्रम 29 जून को शाम 6:00 बजे बीकानेर के डूंगर कॉलेज मैदान में आयोजित करेगा।

यह रोमांचक प्रदर्शनी पायलट कमलेश और पायलट निहाल द्वारा आयोजित की जायेगी और सभी उपस्थित लोगों के लिए एक शानदार अनुभव होने का वादा करती है।

इस कार्यक्रम का विचार विमानन उत्साही लोगों के साथ हुई महत्वपूर्ण चर्चाओं के दौरान आया था और इसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय में विमानन के प्रति उत्साह को बढ़ावा देना है।

बेटी के प्रेम विवाह से नाराज, युवक के घर को आग लगाई

- युवती के कोर्ट मैरिज कर लेने से उसके परिजन नाराज थे

बीकानेर, (कासं)। बेटी द्वारा अंतरजातीय विवाह के बाद युवक से प्रेम विवाह किए जाने से गुस्साए परिजनों ने युवक के घर को आग लगा दी। आग से घर का सारा कीमती सामान जलकर राख हो गया।

लड़की के परिजनों के घर में आगजनी का किसी ने वीडियो बना लिया। शहर के चौपड़ा बाडी के रहने वाले राजाराम सोनी के पुत्र रमन सोनी ने अपने घर के पास रहने वाली निशा चौधरी पुत्री भंवर लाल चौधरी ने 19 मई को कोर्ट मैरिज कर ली। जिसका लड़की के परिजन विरोध कर रहे थे। रमन सोनी की मां निर्मला देवी ने बताया कि रमन सोनी और निशा चौधरी ने 19 मई को कोर्ट में प्रेम विवाह किया था। जब निशा के परिजनों को इसका पता चला तो उन्होंने रमन के परिजनों जान से मारने की धमकियां देने लगे। बुधवार देर रात को निशा के परिजनों और रिश्तेदारों ने आकर उनके घर को आग लगा दी, जिससे उनका कीमती सामान जलकर राख हो गया।

निर्मला ने कोर्ट मैरिज से संबंधित दस्तावेज दिखाते हुए जिला पुलिस अधीक्षक से अपने परिजनों की जान माल की सुरक्षा की मांग की।

बहु को जहर देने का आरोप : ससुर ने बहू को नींबू पानी में जहर देकर मारने का प्रयास किया। इस आशय का मामला देशनोक थाने में दर्ज किया गया है। पीड़िता जशोदा पत्नी सुनील कुमार है। जो कि देशनोक की वार्ड 10 की निवासी है। पीड़िता की ओर से पुलिस को मिले परिवाद में पीड़िता ने अपने ससुर अन्नाराम पर आरोप लगाया है कि उसको जान से मारने की नियत से नींबू पानी में जहर मिलाकर दे दिया। जिसको पीने से उसकी तबीयत बिगड़ गई।

पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कार्रवाई शुरू कर दी है।

ए.सी.पी. नोशनल लाभ के लंबित प्रकरणों को लेकर शिक्षक संघ का धरना-प्रदर्शन

एसीपी नोशनल लाभ के लंबित प्रकरणों को लेकर शिक्षक संघ (शेखावत) ने डी.ई.ओ. कार्यालय पर धरना दिया।

- नोशनल परिलाभ के प्रकरणों का आदेश जारी करने पर सहमति बनी

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) जिला शाखा बीकानेर द्वारा एसीपी नोशनल परिलाभ के लंबित प्रकरणों को लेकर आज कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर के समक्ष एक दिवसीय विशाल धरने का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के सभी ब्लॉकों से सैकड़ों की संख्या में प्रभावित शिक्षकों ने भागीदारी निभाई।

जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र भाटी ने बताया कि संगठन के शिष्टमंडल ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान महेन्द्र शर्मा एवं जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा गजानंद सेवग से वार्तो कर लम्बे समय से लंबित एसीपी नोशनल परिलाभ के प्रकरणों का समाधान निकाल कर आदेश जारी करने के संबंध में विस्तारपूर्वक वार्ता की। जिसके परिणाम स्वरूप वार्ता में सहमति बनी कि कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारंभिक शिक्षा, बीकानेर में लंबित एसीपी नोशनल परिलाभ के आदेश जारी करने की प्रक्रिया आज ही अविलम्ब शुरू कर दी जायेगी। यदि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या नहीं आई तो आज ही प्रथम आदेश जारी कर दिया जायेगा।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर में लंबित एसीपी नोशनल परिलाभ प्रकरणों के आदेश जारी करने की प्रक्रिया सोमवार या मंगलवार तक शुरू कर दी जायेगी। जिला मंत्री महेन्द्रपाल भंवरिया ने बताया कि आज के विशाल धरने में प्रदेश उपसभाध्यक्ष रेवंत राम गोदारा, प्रदेश मंत्री श्रवण पुरोहित, शिक्षक नेता भंवर पोटलिया, ओम सारस्वत, आदूराम मेघवाल, शिव शंकर गोदारा, जयपाल कूकणा, भंवर सांगवा, गणेश चौधरी, रामनिवास गोदारा, देवेंद्र जाखड़, मनीष ठाकुर, महेंद्र पंवार, के. आर. सियाग मौजूद थे।

अस्पताल में ठंडे पानी की मशीन लगाई

बीकानेर, (कासं)। श्री किसन ज्वैलर्स एण्ड संस तेलीवाड़ा परिवार की ओर से जनहितार्थ शहर के जाने-माने समाजसेवी भामाशाह किशन सोनी की याद में उनके पुत्रों अनिल सोनी झूमरसा, सुनील सोनी बच्चू बाबू की ओर से पीबीएम अस्पताल के एक्स और वाई वार्ड में प्याऊ का पुनः निर्माण कराया गया है। साथ ही साथ आंखों के अस्पताल में ठंडे पानी की नई मशीन लगाई है

इसके अलावा नर सेवा नारायण सेवा के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से सोनी बंधुओं ने जलसेवा के माध्यम से न केवल स्वयं बल्कि अन्य लोगों को भी भागीदार बनाया है।

शहर की जीर्ण-शीर्ण पड़ी प्याऊ का जीर्णोद्धार व सुचारु करवाने का कार्य तथा वर्षों से बंद पड़ी अथवा वाटर कूलर जल टैंकर अथवा जल मंदिर प्याऊ की व्यवस्था में जनसहयोग से किसी भी प्रकार की कमी न हो ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email- SECYUTT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Office Address :- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3688 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक 28.6.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री महेश चंद्र निवासी महिपालों का मोहल्ला, वार्ड नं. 21, भादरा भद्र, हनुमानगढ़ के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखण्ड रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा सं. 42 किला सं. 17 से 17 व 25 माप 40 इंटू 55 फीट भूखण्ड संख्या ए-42, ज्योति नगर श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 2692 दिनांक 7.2.2013 को श्री महेश चन्द पुत्र श्री जगदीश प्रसाद के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है।	श्री महेश चन्द महिपाल की मृत्यु दिनांक 15.3.2024 के उपरांत इनकी पत्नी निर्मला देवी द्वारा वसीयतनामा दिनांक 10.2.2024 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री महेश चंद्र निवासी महिपालों का मोहल्ला, वार्ड नं. 21, भादरा भद्र, हनुमानगढ़ द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पटटे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति उजर स्वीकार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर, (राज.)
क्रमांक :- नियमन/ 2024 / 3679 दिनांक : 26/06/2024

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ, रूपान्तरित योजना में श्रीमती अन्नू सिंगला पत्नी श्री दीपक सिंगला एवं श्री दीपक सिंगला पुत्र श्री अशोक सिंगला निवासी नोहरा नं. 75, पुरानी धानमण्डी श्रीगंगानगर द्वारा स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टे का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड के संबंध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है:-

भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 13 में भू.स. एफ-19, एफ-20 एवं एफ-21 प्रत्येक माप 30 इन्टू 60 फीट	क्रमशः आवासीय नियमन पट्टा संख्या 3509 दिनांक 31.03.2005 व 3511 दिनांक 31.03.2005 बालकृष्ण तनेजा पुत्र श्री मुकन्द लाल, पट्टा संख्या 3512 दिनांक 31.03.2005 को शांति तनेजा पत्नी श्री मोती लाल को के नाम से जारी किया हुआ है।	भूखण्ड संख्या एफ-19 नामान्तरण उपरान्त श्री दीपक सिंगला पुत्र श्री अशोक कुमार सिंगला के नाम दिनांक 08.07.2021 को दर्ज है एवं भूखण्ड संख्या एफ-20 व एफ-21 नामान्तरण उपरान्त श्रीमती अन्नू सिंगला के नाम दिनांक 18.06.2021 को दर्ज है। उक्त तीनों भूखण्ड का भूखण्डधारी द्वारा फ्री होल्ड पट्टा हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस संबंध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
(A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
वृत-बीकानेर, **Circle-Bikaner**
क्रमांकः-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/261 दिनांक :- 27/6/2024

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना-1979 में चालान संख्या 47911द्वारा राशि रू.4600/- जमा करवाकर श्री रामजीलाल पुत्र श्री लक्ष्मण राम ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को आवास सं.1-अ-10 पवनपुरी, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 333वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 2592 दिनांक 01.10.1983 को जारी किया गया था। मूल आवंटी श्री रामजी लाल पुत्र श्री लक्ष्मण राम के नाम मण्डल रिकॉर्ड के अनुसार दिनांक28 .12.1990 कन्वेशडीड/परिपिज्युल को जारी कर दी गई थी। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 29.12.1990 को पंजीकृत हैं।
तत्पश्चात श्री रामजी लाल की मृत्यु दिनांक 16.03.2012 एवम् उनकी धर्मपत्नि नाथी देवी की मृत्यु दिनांक 15.12.2017 को हो जाने कारण उनकी दो पुत्रीयों 1 .श्रीमति शांता 2 . श्रीमति सरस्वती पोहड ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार के घोषणा पत्र, समस्त पंजीयन प्रपत्रों की छायाप्रति एवम् निर्धारित शूल्क जमा करा दिया। उक्त आवास 1 .श्रीमति शांता 2 . श्रीमति सरस्वती पोहड के नाम किया गया। श्रीमति शांता ने अपने हिस्सा का श्री राहुल वर्मा पुत्र श्री कृष्ण कुमार को मुख्यारआम से बैचान किया गया। उक्त मुख्यारआम दिनांक 16.02.2022 से पंजीकृत हैं। श्री राहुल वर्मा पुत्र श्री कृष्ण कुमार ने उक्त आवास गिफ्ट डीड के माध्यम से श्रीमति सरस्वती पोहड के नाम किया गया। उक्त गिफ्ट डीड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 30.09.2022 से पंजीकृत हैं।
श्रीमति सरस्वती पोहड पत्नि श्री टीकमचन्द ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापति छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्रीमति सरस्वती पोहड पत्नि श्री टीकमचन्द का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है।